डाक पंजीयन क्रमांक-म.प्र./भोपाल/357/2015-17

मुद्रित पत्र रजि. नं./आर.एन./13063/1967

# मध्यप्रदेश सहकारी समाचार

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ भोपाल का प्रकाशन

Website : www.mpscu.in
E-mail : rajyasanghbpl@yahoo.co.in

हिन्दी/पाक्षिक

● वर्ष 61 ● अंक 11 ● भोपाल ● 1-15 नवम्बर, 2017 ● पृष्ठ 16 ● एक प्रति 7 रु. ● वार्षिक शुल्क 150/- ● आजीवन शुल्क 1500/-


## श्री सारंग द्वारा सीहोर में भावान्तर भुगतान योजना का शुभारंभ




**भोपाल।** सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री विश्वास सारंग ने सीहोर जिला मुख्यालय पर कृषि उपज मण्डी प्रांगण में भावांतर भुगतान योजना का शुभारंभ किया। श्री सारंग ने इस अवसर पर कहा कि यह योजना राज्य में किसानों की दशा और दिशा बदल देगी। उन्होंने कहा कि शासन की कृषक हितैषी नीतियों के कारण ही राज्य कृषि क्षेत्र में देश में अग्रणी है।

इस अवसर पर राज्य मंत्री श्री सारंग ने उपज विक्रय करने वाले प्रथम पंद्रह कृषकों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम मे विधायक श्री सुदेश राय, सीसीबी अध्यक्ष श्रीमती उषा सक्सेना, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती अमीता अरोरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

## श्रीमती रेणु पंत आयुक्त सहकारिता

**भोपाल।** श्री रेणु पंत, आई.ए.एस. गत दिनों आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएँ मध्यप्रदेश भोपाल का पदभार ग्रहण कर लिया है। पूर्व में श्री आशुतोष अवस्थी, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएँ मध्यप्रदेश भोपाल थे जिनका स्थानांतर कमिश्नर, सागर संभाग हो गया है।

## किसानों की आय को दो गुना किया जाए

### ग्वालियर एवं चम्बल संभाग की खरीफ फसलों की समीक्षा तथा रबी फसलों की तैयारियों की कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मीणा ने समीक्षा की




**ग्वालियर।** प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त श्री पीसी मीणा ने कहा है कि प्रदेश में किसानों की आय को दोगुना करने के लिए जिलावार कार्य योजना तैयार की गई है। प्रत्येक जिले में इस योजना के अपेक्षा के अनुरूप सुखद परिणाम परिलक्षित होना चाहिए।

उन्होंने इस वर्ष कम हुई बारिस पर चिंता जताते हुए कहा कि अल्प वर्षा को ध्यान में रखकर किसानों को व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से यह बताया जाये कि कम पानी में फसल की कौन सी किस्में अधिक से अधिक पैदावार की जा सकती हैं। वैकल्पिक फसलों की बौनी पर भी उन्होंने विशेष जोर दिया। श्री मीणा ग्वालियर एवं चम्बल संभाग की खरीफ फसलों की समीक्षा तथा रबी फसलों की तैयारियां की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

मोती महल स्थित मानसभागार में आयोजित बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मीणा ने रबी फसल की तैयारियों पर चर्चा करते हुए कहा कि फसल कटाई का प्रयोग नीतिगत हो, इसमें विसगंति नहीं होना चाहिए। फसल की वास्तविकता को देखते हुए कटाई प्रयोग की रिपोर्ट तैयार हो कलेक्टर इस ओर विशेष ध्यान दें तथा कृषि उत्पादन का सही आकलन सुनिश्चित करायें ताकि उनकी आय में कमी न हो और वे उत्तरोत्तर कृषि के क्षेत्र में वृद्धि कर सके। श्री मीणा ने कहा कि जिन क्षेत्रों में पानी की कमी है उन क्षेत्रों में किसानों को चने की फसल लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाये। उन्होंने व्यवसायिक फसलों के लिए भी प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

(शेष पृष्ठ 15 पर)

## राज्य मंत्री श्री सारंग ने की नवाचार सेल की समीक्षा



**भोपाल।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री विश्वास सारंग ने मंत्रालय में आयोजित बैठक में प्राथमिक सहकारी साख समितियों के कम्प्यूटराइजेशन और विभाग में सहकारिता विभाग की नवाचार सेल की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में प्रमुख सचिव सहकारिता श्री के सी गुप्ता और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## वित्तीय पत्रक का प्रकाशन

**इस अंक में निम्न बैंकों के वित्तीय पत्रक प्रकाशित किये जा रहे हैं।**

1. जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या., खण्डवा
2. भोपाल सेन्ट्रल कोआपरेटिव बैंक लि., भोपाल
3. कृष्णा मर्केन्टाईल को-ऑपरेटिव बैंक लि., भोपाल

## 64वाँ अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह, 2017

### कार्यक्रम

अखिल भारतीय स्तर पर प्रति वर्ष 14 नवम्बर से 20 नवम्बर तक अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इस क्रम में 64वाँ अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का 14 नवम्बर से 20 नवम्बर, 2017 तक आयोजन किया जाना है। इस वर्ष के सहकारी सप्ताह का मुख्य विषय है - सहकारिता से डिजिटलीकरण जन सशक्तिकरण

| दिनांक | आयोजित दिवस |
|---|---|
| 14.11.2017 | सहकारिता के माध्यम से सुशासन एवं व्यावसायिकरण |
| 15.11.2017 | सहकारिताएँ : उत्पादकों से उपभोक्ताओं तक |
| 16.11.2017 | सहकारी विकास हेतु योग्य विधान |
| 17.11.2017 | पब्लिक - प्राइवेट को-आपरेटिव पार्टनरशिप |
| 18.11.2017 | तकनीकी जागरुकता एवं केशलेस भुगतान के माध्यम से वित्तीय समावेशन में सहकारिताओं की भूमिका |
| 19.11.2017 | वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के लिये सहकारिता |
| 20.11.2017 | कौशल विकास के मुख्य घटक के रूप में सहकारिता |

# भावान्तर भुगतान योजना के लाभ से किसान वंचित नहीं रहें

## मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दिये निर्देश



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्टर्स और कमिश्नर्स की वीडियो कान्फ्रेसिंग में कहा कि किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिये शुरू की गई भावांतर भुगतान योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। किसानों को उपज की बिक्री एवं भुगतान में कोई परेशानी नहीं हो। उन्हें 50 हजार रूपये तक का नगद भुगतान सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने इस दौरान मध्यप्रदेश स्थापना दिवस को लोकोत्सव के रूप में मनाने एवं विकास यात्राओं को बहुउद्देशीय स्वरूप देने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर मुख्य सचिव श्री बी.पी. सिंह सहित सभी वरिष्ठ अधिकारीगण और बैंकर्स उपस्थित थे।

**राजस्व अभियान की प्रशंसा**

मुख्यमंत्री ने राजस्व अभियान में हुए कार्यों की प्रशंसा की और अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान का व्यापक असर हुआ है। इससे जनता को बड़ी राहत मिली है। यह गति निरंतर बनाये रखी जाये। जो लक्ष्य तय किये गये है उन्हें पूरा किया जाये। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर सुशासन देने के हरसंभव उपाय किये जाये। जिन जिलों में सूखे का संकट है वहाँ सरकार पूरी संवेदना से किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि पट्टा वितरण का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ सार्वजनिक समारोह में किया जाये। इस अवसर पर बताया गया कि राजस्व अभियान के दौरान किसानों को 4 करोड़ 19 लाख खसरा-खतौनी की नकलें वितरित की गई हैं। साथ ही सीमांकन के 62 हजार एवं डायवर्सन के 44 हजार तथा अविवादित नामांतरण और बँटवारे के 3 लाख 52 हजार प्रकरणों का निराकरण किया गया है। बताया गया कि एक नवम्बर को इन प्रकरणों का 100 प्रतिशत निराकरण की घोषणा की जायेगी। मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों का समुचित निराकरण एवं नर्मदा सेवा मिशन के अंतर्गत किये गये वृक्षारोपण की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि लापरवाह और भ्रष्ट कर्मियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये तथा अच्छे कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाये। उन्होंने प्रदेश में स्वच्छता और प्रधानमंत्री आवास योजना में हुए उत्कृष्ट कार्य की सराहना भी की। इसके पूर्व उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं।

# ग्रामीण महिलाओं को मिल रहा है सम्मानजनक रोजगार

भोपाल। ग्राम लोही जिला रीवा में आजीविका केन्द्र में 7 स्व-सहायता समूहों द्वारा हाथकरघा के माध्यम से कपड़ा निर्माण किया जा रहा है। इन स्व-सहायता समूहों से अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग की 35 महिलाएँ जुड़ी हुई हैं। इन महिलाओं ने अब तक 270 मीटर कपड़ा बुना है। समूह की प्रत्येक महिला को औसत रूप से 4500 रुपये की प्रति माह आमदनी हो रही है।

ग्राम लोही और मऊगंज के ढेरा में 21 स्व-सहायता समूहों की महिलाएँ टेडीबियर बना रही हैं। प्रत्येक महिला को 3 से 4 टेडीबियर बनाने पर औसत रूप से 200 रुपये तक की प्रतिदिन आमदनी हो रही है। इन स्व-सहायता समूहों से 90 ग्रामीण महिलाएँ जुड़ी हुई हैं। ग्राम लोही मे 2 स्व-सहायता समूह की 10 महिलाएँ प्रति माह करीब 4 हजार साबुन बनाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं। रीवा जिले के जोरी और खीरा ग्राम की 180 महिलाएँ अगरबत्ती निर्माण कार्य में संलग्न हैं।



इस समूह की महिलाएँ प्रति मशीन प्रति दिन एक क्विंटल तक अगरबत्ती बना रही हैं। इनके द्वारा तैयार अगरबत्ती को अक्षर अगरबत्ती के नाम से जाना जाता है। अक्षर ब्राण्ड की अगरबत्ती की रीवा के बाजार में अपनी विशिष्ट पहचान बन गई है।

ग्राम भानपुर और खाम्हा की स्व-सहायता समूह की महिलाएँ गोबर से गमले का निर्माण कर रही हैं। गमला निर्माण कार्य में 9 स्व-सहायता समूह की 45 महिलाएँ जुड़ी हुई हैं। यह महिलाएँ 25 मशीनों से प्रति माह एक लाख से अधिक गमले तैयार कर रही हैं। उद्यानिकी और वन विभाग ने इन महिलाओं के स्व-सहायता समूह को 5 लाख गमलों को तैयार करने का आर्डर दिया है। स्व-सहायता समूह से जुड़ी ये महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर तो हुई हैं, साथ ही इनके परिवार की माली हालत भी अच्छी हो गई है। इनके परिवारों की गाँव में प्रतिष्ठा भी बढ़ी है। रीवा जिले में ग्रामीण महिलाओं को इतना कारगर रोजगार उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम है अन्त्योदय ग्रामीण आजीविका मिशन।

**सुमन रानी को मिली धुआँ से निजात**

भोपाल। पहले लकड़ियों से चूल्हा जलता था, बाजार से लकड़ी खरीदकर लाते थे और मिट्टी के तेल का इंतजाम करना पड़ता था तब कहीं भोजन बना पाते थे। लेकिन अब सरकार की उज्जवला योजना से गैस चूल्हा का कनेक्शन मिल जाने से न तो अब घर में धुआँ होता और न ही अब इससे आँखे खराब होने का डर रहता है। बेटियाँ भी अब खुशी- खुशी खाना बनाने में मदद करती हैं। यह कहना है कि दमोह जिले के हिरदेपुर गाँव की रहने वाली सुमन रानी अहिरवार का।

सुमन रानी के परिवार के उनके पति श्री मुलू अहिरवार सहित 3 बेटी और एक बेटा है। यह सभी स्कूल में शिक्षा ले रहे हैं। सुमन की प्रेरणा से उनकी देवरानी पाना अहिरवार ने भी उज्वला योजना में गैस चूल्हे का कनेक्शन ले लिया है। वे भी अपने परिवार का खाना गैस चूल्हे पर बनाती हैं। यह परिवार मुख्य रूप से मजदूरी पर आश्रित है। ऐसे में उज्वला योजना का लाभ मिल जाने से इस परिवार को अब आजीविका कमाने के लिए और भी ज्यादा समय मिलने लगा है।

# सेमरा-इमलिया सहकारी समिति प्रबंधक को हटाने के दिए निर्देश

## सहकारिता राज्य मंत्री श्री सारंग द्वारा समिति का औचक निरीक्षण



**भोपाल।** सहकारिता, भोपाल गैस त्रासदी, राहत एवं पुनर्वास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री विश्वास सारंग ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सेमरा-इमलिया के प्रबंधक रूपेश मिश्रा को हटाने के निर्देश दिए। राज्य मंत्री श्री सारंग ने समिति के निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधक के विरुद्ध मिली अनियमितताओं पर उक्त निर्देश दिए। सहकारिता राज्य मंत्री श्री सारंग आज सेमरा-इमलिया समिति में अचानक पहुँचे। उन्होंने समिति में भावांतर योजना के पंजीयन कार्य और क्रियान्वयन में लापरवाही, समिति कार्यालय में सिटीजन चार्टर के नहीं होने, कार्यालय में अभिलेखों का अव्यवस्थित रख-रखाव और परिसर में फैली गंदगी को गंभीरता से लिया। समिति के सदस्यों से भी प्रबंधक की लापरवाही से कार्य करने की शिकायत मिली। समिति के प्रबंधक मौजूद भी नहीं मिले। राज्य मंत्री श्री सारंग ने इसे गंभीरता से लिया और समिति प्रबंधक को हटाने के निर्देश दिए। राज्य मंत्री श्री सारंग ने कहा है कि सहकारी साख समितियों और अन्य सहकारी संस्थाओं का वह कभी भी और किसी भी समय निरीक्षण करेंगे। कहीं पर भी गड़बड़ी पाये जाने और अनियमितता मिलने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा भावांतर योजना सहित अन्य योजनाओं में किसी भी तरह से किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। निरीक्षण के समय प्रबंध संचालक जिला सहकारी बैंक श्री आर.एस. विश्वकर्मा भी मौजूद थे।

# कड़कनाथ मुर्गीपालन का पोल्ट्री हब बना ग्राम सीवनपानी

**भोपाल।** कड़कनाथ मुर्गी पालन में झाबुआ अंचल के साथ अब देवास जिले का नाम भी जुड़ गया है। देवास जिले की आदिवासी महिलाओं ने कड़कनाथ मुर्गी पालन में मिसाल कायम की है। इन अदिवासी महिलाओं ने मध्यप्रदेश शासन की आदिवासी उपयोजना और आत्मा परियोजना से मदद लेकर सफल उद्यमी का दर्जा हासिल कर लिया है। अब देवास जिले के 25 गाँव में लगभग 400 आदिवासी महिलाएं कड़कनाथ मुर्गी पालन का कार्य सफलतापूर्वक कर रही हैं। इन मुर्गियों और इनके अंडों की बिक्री से इन महिलाओं की आर्थिक स्थिति में अप्रत्याशित परिवर्तन आया है। स्थिति यह है कि अब इनके बच्चे इंदौर शहर में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

देवास जिला मुख्यालय से लगभग सौ किलोमीटर की दूरी पर उदय नगर तहसील का गाँव है सीवनपानी। यहां रहने वाली रमकूबाई, मीराबाई और सावित्री बाई ग्रामीण उद्यमिता की मिसाल बन गई है। इनमें इतना आत्मविश्वास आ गया है कि वो अब शहरी क्षेत्रों से आए व्यवसाइयों से व्यवसायिक दक्षता से बात करती हैं। आदिवासी बाहुल्य बागली ब्लॉक के इस गाँव की रमकूबाई कड़कनाथ मुर्गी के चूजे पालकर खुश है। रमकूबाई का कहना है कि मुर्गियां पालने का काम हम पहले से ही कर रहे थे, लेकिन कड़कनाथ पहली बार पाला और इससे हमारे मुर्गी पालन व्यवसाय में बहुत बढ़ोतरी हुई है।

आत्मा परियोजना में इस गाँव के 42 मुर्गी-पालकों का चयन किया गया। प्रथम चरण में 26ग्रामीणों को 30 जून 2015 को चूजे दिए गए। गाँव में कड़कनाथ के 1040 चूजे निःशुल्क दिए गए। सभी हितग्राही बीपीएल श्रेणी, अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं। प्रत्येक हितग्राही को 5 किलो दाना भी निःशुल्क दिया गया। गाँव का वातावरण कड़कनाथ चूजों के लिए अनुकूल साबित हुआ। अधिकांश चूजे जीवित रहे। अब यह क्षेत्र, कड़कनाथ का पोल्ट्री हब बन गया है। प्रत्येक हितग्राही को 40 चूजे, दाना-पानी और बर्तन और औषधियां दी गई। प्रत्येक हितग्राही को 30 हजार रुपए से दड़बा, चूजे, 50 किलो दाना, बर्तन और दवाइयां भी दी गई।

सीवनपानी की रमकू बाई को एक वर्ष की अवधि में अंडे की बिक्री से 14 हजार रुपए की आय प्राप्त हुई।

# परिणाम विश्वास एप पर दर्ज करायें

भोपाल। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री विश्वास सारंग ने अधिकारियों से कहा कि उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को वह **विश्वास एप** पर दर्ज करायें। एप पर दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में की गई कार्यवाही की वह स्वयं नियमित मॉनीटरिंग करते हैं। उन्होंने कहा कि परिणाम नजर आना चाहिए।

राज्य मंत्री श्री सारंग ने बस्तियों में स्वयं भी मोबाइल के माध्यम से **विश्वास एप** में आवेदनों को, लोगों की चर्चा और क्षेत्र की समस्याओं को दर्ज किया। उन्होंने आवेदकों और स्थानीय नागरिकों को भरोसा दिलाया कि जो काम जितने समय में पूरा हो सकता है, उसे उतने समय में ही पूरा करवाया जाएगा। **विश्वास एप** में दर्ज शिकायत और समस्या को संबंधित अधिकारी तक भेजा रहा है। अधिकारी निराकरण कर निराकरण की स्थिति को विश्वास एप के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करेगा। वो स्वयं इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

राज्य मंत्री श्री सारंग ने नगर निगम कॉलोनी सहित अन्य बस्तियों में नालियों में उचित निकासी नहीं होने से जमा पानी और बस्तियों में खाली भू-खण्ड पर फैली गंदगी पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने नगर निगम के अमले को तुरंत सफाई करने के निर्देश दिए। राज्य मंत्री श्री सारंग ने पदयात्रा के दौरान पात्र व्यक्तियों के सामाजिक सुरक्षा पेंशन के प्रकरण मौके पर बनाकर स्वीकृत करने की कार्यवाही करने को कहा।

राज्य मंत्री श्री सारंग ने रासलाखेड़ी स्कूल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल को कक्षा 8वीं तक करवाने, स्कूल भवन में लाइट फिटिंग कराने और फर्श आदि की मरम्मत करवाने की घोषणा की। निरीक्षण के दौरान गैरहाजिर शिक्षक श्री सुशील भार्गव और श्री सुबोध श्रीवास्तव के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। राज्य मंत्री श्री सारंग आज जन-संवाद पदयात्रा में छोला क्षेत्र के रासलाखेड़ी, सत्यज्ञान नगर, टिम्बर मार्केट और नगर निगम कॉलोनी आदि में लोगों से रू-ब-रू हुए। जन-संवाद पदयात्रा में स्थानीय जन-प्रतिनिधि, पार्षद, अधिकारी और नागरिकगण साथ थे।

# सहकारिता राज्य मंत्री श्री सारंग से सैन्य अधिकारियों ने की भेंट



**भोपाल।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री विश्वास सारंग से उनके कार्यालय में प्रशिक्षणरत सैन्य अधिकारियों ने भेंट की। भारतीय जल, नव और थल सेना के 44 जूनियर कमीशंड ऑफिसर लघु व्यवसाय और उद्यमिता विकास पर सहकारी प्रबंध संस्थान, भोपाल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह सभी ऑफिसर अगले एक वर्ष की अवधि में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। सेवानिवृत्ति के बाद प्रशिक्षित अधिकारी स्वयं सफल उद्यमी बनने में कामयाब होने का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

राज्य मंत्री श्री सारंग ने देश की सुरक्षा में सेना के योगदान की चर्चा करते हुए सैनिकों के कार्य की सराहना की। उन्होंने सैन्य अधिकारियों को लघु व्यवसाय और ग्रामीण उद्यमिता विकास कार्यक्रम के लिए सहकारी संस्थान के प्रशिक्षण कार्यक्रम की भी प्रशंसा की। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. ए.के. अस्थाना ओर ओ.एस.डी. श्री अरूण माथुर भी मौजूद थे।

प्रशिक्षण को आर्डिनेटर ने प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 44 सैन्य अधिकारियों में 6नेवी, 8एयरफोर्स और 30 थल सेना से है।

# किसानों की खुशहाली और समृद्धि के लिये कार्य कर रही है सरकार : श्री सारंग

## बैतूल में सहकारिता सम्मेलन आयोजित, किसानों को फसल बीमा की क्लेम राशि वितरित

**बैतूल।** प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री विश्वास सारंग ने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषि क्षेत्र को विकसित करने के लिए पूरे जतन से काम कर रही है। किसानों की आय बढ़ाने के क्षेत्र में सतत् कार्य किया जा रहा है। सरकार चाहती है कि प्रदेश का किसान संपन्न एवं खुशहाल हो। इस दिशा में सहकारिता विभाग भी पूरी मजबूती के साथ किसानों को सहूलियत एवं लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहा है। श्री सारंग जिला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी प्रांगण बडोरा में आयोजित सहकारिता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सूरजलाल जावरकर, जिला योजना समिति सदस्य श्री जितेन्द्र कपूर, नगर पालिका अध्यक्ष बैतूल श्री अलकेश आर्य, नगर परिषद् अध्यक्ष भैंसदेही श्री अनिल सिंह ठाकुर, नगर परिषद् अध्यक्ष बैतूलबाजार श्री सुधाकर पंवार, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्रीमती सरोज शुक्ला, पूर्व विधायक श्री शिवप्रसाद राठौर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित थे।



अपने संबोधन में श्री विश्वास सारंग ने आगे कहा कि प्रदेश की सरकार सबसे तेज गति से विकास करने वाली सरकार बनी है। मौजूदा सरकार के कार्यकाल में अधिक से अधिक किसानों को खेतों में सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने का कार्य किया गया है। किसानों को सहकारिता विभाग के माध्यम से जीरो प्रतिशत् ब्याज पर उपलब्ध कराने की पहली बार व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही मूलधन पर 10 प्रतिशत् अनुदान भी दिया जा रहा है। मौजूदा सरकार ने किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलधता पर विशेष ध्यान दिया है ताकि किसान बोवनी के समय परेशान न हों। कृषि कार्य से जुड़े आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों की बच्चियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ दिया जा रहा है। वहीं उनके बच्चों की पढ़ाई के लिए भी सरकार पूरी मदद कर रही है। सरकार प्रयास कर रही है कि सहकारिता क्षेत्र में गांवों की अर्थव्यवस्था पर आधारित प्रोजेक्ट प्रारंभ किए जाएं, ताकि गांव की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो और लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में बहुद्देशीय दुकानें प्रारंभ करने पर विचार किया जा रहा है, जो छोटे मॉल के रूप में होगी एवं आमजन को रोजमर्रा के उपयोग की सामग्री एक ही स्थान पर उचित दाम में मिल सकेगी। सम्मेलन में जिला योजना समिति के सदस्य श्री जितेन्द्र कपूर ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार सहकारी क्षेत्र के माध्यम से निरंतर किसानों को सहूलियतें उपलब्ध करा रही है ताकि किसानों की आय दुगुनी करने की मंशा को सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से भी सफलता मिल सके। इसके पूर्व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री विनय भावसार ने स्वागत भाषण दिया। सम्मेलन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा क्लेम प्राप्त करने वाले किसानों को बीमा राशि के चेक भी प्रदान किए गए। गौरतलब है कि सहकारी बैंक के माध्यम से इस योजना के तहत वर्ष 2015-16के लिए जिले के 2925 कृषकों को 78लाख 51 हजार 678रूपए की क्लेम राशि प्रदान की जा रही है। इस दौरान वीर दुर्गादास राठौर सहकारी समिति के पंजीयन का प्रमाण पत्र भी श्री शिवप्रसाद राठौर को प्रदान किया गया। सम्मेलन का संचालन श्रीमती कृष्णा हजारे द्वारा किया गया।

## कड़कनाथ मुर्गा पालन सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारियों की कार्यशाला सम्पन्न

इंदौर। म.प्र. राज्य सहकारी संघ एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इंदौर प्रीमियर को-आपरेटिव बैंक में कड़कनाथ मुर्गा पालन सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई।

कार्यशाला का शुभारंभ संयुक्त संचालक, पशुपालन विभाग डी.के. भालेवाड़ीकर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में कड़कनाथ मुर्गो की प्रजाति का विकास करने एवं सहकारी संस्था के माध्यम इसको व्यावसायिक स्वरूप देने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यक्रम के सहसंयोजक म.प्र. सहकारिता विभाग भोपाल के उपायुक्त श्री प्रेम द्विवेदी द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्मी चौहान प्रोफेसर पशुपालन महाविद्यालय महू, डॉ. विजय शर्मा, पशुपालन विस्तार अधिकारी उदयनगर, डॉ. एस.एम.शेख, प्रबंधक मुर्गीपालन केन्द्र एवं के. पाटनकर उपायुक्त सहकारिता इंदौर ने अपने व्याख्यान दिए। कार्यशाला में संस्था के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याएं बताई एवं उसका निराकरण अधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में इंदौर सहकारिता विभाग के उपायुक्त के. पाटनकर झाबुआ उपायुक्त श्री बड़ोले, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, झाबुआ के प्रबंधक पी. एन. यादव, सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर के प्राचार्य के.एल. राठौर, प्रशिक्षक के.के. मालवी आईपीसी बैंक महाप्रंधक श्री खरे उपस्थित रहे। कार्यशाला में झाबुआ अलीराजपुरा व देवास की 20 सहकारी संस्थाओं के लगभग 75 पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर के व्याख्याता निरंजन कुमार कसारा द्वारा किया गया।

# शहरी उपभोक्ता भंडारों की सहकारी संगोष्ठी

उज्जैन। जिला सहकारी संघ मर्यादित, उज्जैन के प्रबंधक श्री जगदीश प्रसाद बैरागी ने बताया कि प्राथमिक उपभोक्ता भंडारों की जिला संघ में एक सहकारी संगोष्ठी एवं बैठक शासन के निर्देशानुसार श्री ओ.पी. गुप्ता, उपायुक्त, सहकारिता की अध्यक्षता एवं श्रीराम बर्डे, सहायक खाद्य अधिकारी, उज्जैन की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिसमें उपस्थित शहरी प्राथमिक उपभोक्ता भंडारों के प्रबंधक/पदाधिकारियों को श्री गुप्ता ने समय पर अंकेक्षण पूर्ण कराने, संचालक मंडल एवं आमसभा समय पर करवाने एवं निर्वाचन संबंधी जानकारी देते हुए सहकारिता से संबंधित जानकारी देते हुवे भंडारों को अपनी जानकारी सहकारिता विभाग के पोर्टल पर अपडेट करने हेतु कहा। श्री बर्डे ने बताया कि पात्र हितग्राही से आधार नम्बर प्राप्त कर ई-पोर्टल पर अपडेट करे साथ ही एक तथा दो सदस्यों वाले अंत्योदय परिवारो का सत्यापन कराने तथा जो परिवार विगत चार माह से राशन सामग्री प्राप्त नहीं कर रहे उसे सूचीबद्ध किया जावे तथा जानकारी प्राथमिकता के आधार पर एकत्रित कर विभाग को उपलब्ध करवाये जाने के निर्देश दिये, जिससे शासन की योजना का लाभ जरूरतमंद ले सके। बैठक में खाद्य निरीक्षक समदखान एवं नागरिक आपूर्ति के कनिष्ट अधिकारी तथा भंडार संघ के अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि श्री बाबूलाल गेहलोत पूर्व अध्यक्ष श्री शरद जैन, श्रीराम तिवारी, श्री सिसोदिया, श्री महेन्द्र शर्मा, अनवर भाई, महेन्द्र कछावा, नवीन भाटी, अभय जैन, पवन पांचाल, मनोज राठौर, विशाल लश्करी, शिवकुमार गेहलोत आदि उपस्थित थे।

## एच.डी.सी.एम. सहकारी ज्ञान वृद्धि का सशक्त माध्यम

जबलपुर। हायर डिप्लोमा इन को-आपरेटिव्ह मैनेजमेंट का कोर्स सहकारी क्षेत्र में सहकारिता के ज्ञानवर्धन का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस कोर्स में सहकारी प्रबंध, सहकारी लेखांकन और अंकेक्षण, सहकारिता के कानूनी पहलू, कम्प्यूटर प्रबंध जैसे विषयों का सार्थक प्रशिक्षण दिया जाता है। सहकारी संस्थाओं के कर्मचारियों को चाहिए कि वे अधिकाधिक संख्या में इस कोर्स के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करें और उसका उपयोग अपने कार्यक्षेत्र में करें। ये विचार श्रीमती आरती पटेल, सहायक आयुक्त, सहकारिता जबलपुर ने सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र में एच.डी.सी.एमत्र सत्र क्रमांक 15 के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण केन्द्र के प्राचार्य श्री यशोवर्धन पाठक ने दिया। संकाय सदस्य व सत्र समन्वयक श्री एस.के. चतुर्वेदी ने सहकारी प्रबंध में उच्चतर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम की उपयोगिता व महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थी के रूप में श्रीमती प्रशंसा चौरसिया, श्री प्रवीण तिवारी, श्री शैलेश्वर दौना, श्री दिनेश ठाकरे इत्यादि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# JILA SAHAKARI KENDRIYA BANK MARYADIT, KHANDWA (M.P.)

## The Third Scheduled ( Section "29") Form "A"

# BALANCE SHEET AS ON 31.03.2017

| AMOUNT AS ON 31.03.2016 | Sr. No. | CAPITAL AND LIABILITIES | AMOUNT | AMOUNT AS ON 31.03.2017 |
|---|---|---|---|---|
| 433,241,696.00 | 1 | SHARE CAPITAL | | 514,355,856.00 |
| | | I. Authorised Capital as per bylaw approved by the Registrar Cooperative Socs. Rs. 100,00,00,000.00 (Rs. Hundred Crore Only) | | |
| | | "A" Class Share of Rs. 1000.00 each share | | |
| | | "B" Class Share of Rs.1000.00 each share | | |
| | | "C" Class Share of Rs. 100.00 each share | | |
| | | "D" Class Share of Rs. 100.00 each share | | |
| | | ii. Subscribed Capital | | |
| | | 473909 share of Rs. 1000.00 each | | |
| | | 0 share of Rs. 1000.00 each | | |
| | | 0.00 | | |
| | | 36768share of Rs. 100.00 each | | |
| | | iii. Amount called up | | |
| | | 473909 share of Rs. 1000.00 each | | |
| | | 0 share of Rs.1000.00 each | | |
| | | 0.00 | | |
| | | 36768 share of Rs. 100.00 each | | |
| | | a. Individuals | 812,806.00 | |
| | | b. Cooperative Institution | 513,543,050.00 | |
| | | c. State Government | | |
| 1,063,897,016.54 | 2 | RESERVE FUND AND OTHER RESERVES | | 1,223,658,252.21 |
| | | I. Statutory Reserve | 47,370,063.24 | |
| | | ii. Agril. Credit Stabilisation Fund | 30,609,550.00 | |
| | | iii. Building Fund | 16,029,266.55 | |
| | | iv. Dividend Equalisation Fund | 113,000.07 | |
| | | v. Special Bad Debt Reserve (Bank) | 598,478,000.00 | |
| | | vi. Special Bad Debt Reserve Interest | 261,120,479.00 | |
| | | vii. Bad and Doubtful Debts Reserves (Govt.) | 151,225.00 | |
| | | viii. Investment Depreciation Fund | 1,103,100.00 | |
| | | ix. Provision against standard assets | 22,342,000.00 | |
| | | x.Recap.Assistance State Gov't | 43,300,458.00 | |
| | | xi.Training Fund | 2,162,870.00 | |
| | | x. Other Funds | 200,878,240.35 | |
| | | a. Common Benefit Fund 49,870.15 | | |
| | | b. Education and Library Fund 5,000.00 | | |
| | | c. Gratuity Fund 44,41,550.94 | | |
| | | d. Vehicle Fund 51,09,400.00 | | |
| | | e. Stock and Furniture Fund 1,41,53,300.00 | | |
| | | f. Computer Fund 3,50,00,000.00 | | |
| | | g. Bonus Fund 2,27,903.00 | | |
| | | h. Share Redumption Fund 1,29,99,859.99 | | |
| | | i. Aadiwasi Upyojna Fund 10,513.00 | | |
| | | j. Godown Fund 25,000.00 | | |
| | | k. Patta Fund 25,000.00 | | |
| | | l. Employee Welfare Fund 41,64,478.40 | | |
| | | m.Family Welfare Fund 9,992.00 | | |

| AMOUNT AS ON 31.03.2016 | Sr. No. | PROPERTY AND ASSETS | AMOUNT | AMOUNT AS ON 31.03.2017 |
|---|---|---|---|---|
| 644,373,508.06 | 1 | CASH | | 651,016,697.50 |
| | | a. Cash in Hand ( At Branches ) | 88,199,318.58 | |
| | | b. Balance (Current A/c.) with RBI/SBI/State Coop. Bank | 562,817,378.92 | |
| | | SBI 19,55,32,744.72 | | |
| | | State Coop. Bank 2,59,15,560.82 | | |
| | | Other Banks 34,13,69,073.38 | | |
| 1,981,519,295.00 | 2 | BALANCE In Fixed Deposite | | 3,018,745,448.00 |
| | | a. Fixed Deposit | 3,018,745,448.00 | |
| | | State Coop. Bank 1,67,88,70,268.00 | | |
| | | R.F. in Apex Bank 4,79,27,490.00 | | |
| | | F.D. with State Bank of India& Other Bank 1,29,19,47,690.00 | | |
| | 3 | MONEY AT CALL & SHORT NOTICE | | |
| 962,633,000.00 | 4 | INVESTMENT | | 1,882,168,355.00 |
| | | a. In Central & State Govt. Securities (At Book Value ) | 1,555,027,355.00 | |
| | | b. Other Trustee Securities | | |
| | | I. Central Ware Housing Share | 5,000.00 | |
| | | c. Share in Cooperative Institution | 327,136,000.00 | |
| | 5 | INVESTMENT OUT OF THE PRINCIPAL/ SUBSIDIARY | | |
| | | STATE PARTNERSHIP FUND A/C. | | |
| | | a. Central Coop. Bank/ APEX BANK | | |
| | | b. Primary Coop. Bank | | |
| | | c. Other Socs. | | |
| | 6 | ADVANCES | | 7,146,477,615.12 |
| 6,437,213,748.03 | I | S.T. Cash Credit Overdraft & Bills Discounted | 6,915,199,927.41 | |
| | | I. Secured against Coop. Paper | | |
| | | Of which secured against | | |
| | | a. S.T. Normal Loans to Agril. Credit Socs. 4,63,09,21,947.32 | | |
| | | Small Farmers | | |
| | | b.S.T.Normal Loans to Agril. Credit Socs, 1,48,32,13,236.69 | | |
| | | Big Farmers | | |
| | | and Non Agril. Credit Socs. & Overdraft to A.R.D.B. 80,10,64,743.40 | | |
| | | ii. Govt. & Other approved securities | 3,801,563.00 | |
| | | a. Loans against National Saving Certificates 38,01,563.00 | | |
| | | iii. Other Tangible securities | 227,476,124.71 | |
| | | a. Loans against Fixed Deposits 6,81,43,529.00 | | |
| | | b. Advance and Overdraft to Staff 9,57,77,939.91 | | |
| | | c. Advance amt. Due from Individual 20,79,810.30 | | |
| | | d. Loans against Ornaments 6,14,74,845.50 | | |
| | | Of the advance amt. Overdue | | |
| | | Considered bad & doubtful of recovery | | |
| | | 1. Bad Principal | | |
| | | 2. Doubtful Principal | | |
| 2,654,715,130.66 | II | M.T. Loans | | 1,877,186,689.06 |
| | | Secured against Coop. Paper | 1,712,310,825.11 | |
| | | c. Medium Term Loans to Agril. Cr. Socs. 2,01,42,861.00 | | |
| | | I. Medium Term Normal & I.R.D.P./S.J.S.Y. 16,17,852.90 | | |

| AMOUNT AS ON 31.03.2016 | Sr. No. | CAPITAL AND LIABILITIES | AMOUNT | AMOUNT AS ON 31.03.2017 |
|---|---|---|---|---|
| | | n. Bachat Bank Amanat Guarantee Fund 51,78,972.87 | | |
| | | o.Coop Agri. Devlp Fund 11,77,400.00 | | |
| | | Revalution Res. Fund Land 11,83,00,000.00 | | |
| | 3 | PRINCIPAL / SUBSIDIARY / STATE PARTNERSHIP FUND A/C. | | |
| | | FOR SHARE CAPITAL OF : | | |
| | | I. Central Cooperative Bank | | |
| | | ii. Primary Agril. Credit Socs. | | |
| | | iii. Other Socs. | | |
| 5,358,049,676.64 | 4 | DEPOSIT AND OTHER ACCOUNT : | | 6,761,606,112.88 |
| | | I. Fixed & Recurring Deposits | 3,895,510,984.27 | |
| | | a. Individual 2,15,90,82,835.35 | | |
| | | b. Coop. Socs. 1,73,64,28,148.92 | | |
| | | ii. Saving Deposits | 2,769,456,672.14 | |
| | | a. Individual 1,61,84,82,608.19 | | |
| | | b. Coop. Socs. 1,15,09,74,063.95 | | |
| | | iii. Current Deposits | 96,638,456.47 | |
| | | a. Individual 3,32,29,341.27 | | |
| | | b. Coop. Socs. 6,34,09,115.20 | | |
| | | iv. Money at Call & Short Notice | | |
| | | Call Deposit ( Socs. ) | | |
| | 5 | Cridit Balance In CC/OD | | 87,533,446.60 |
| 6,172,012,679.06 | 5 | BORROWING | | 6,359,384,270.00 |
| | | From the Reserve Bank of India/State Coop. Bank | | |
| | | a. S.T. Loans Cash Cr. & Overdraft | 5,025,500,000.00 | |
| | | (Secured against Coop. Papers) | | |
| | | Of which secured against | | |
| | | I. Govt. & Other approved securities | | |
| | | ii. Other Tangible securities | | |
| | | a. M.T.LOANS | 0.00 | |
| | | (Secured against Coop. Papers) | | |
| | | Of which secured against | | |
| | | I. Govt. & Other approved securities | | |
| | | ii. Other Tangible securities | 1,327,634,720.00 | |
| | | b. L.T.LOANS ( Rural Housing, Godown & Tractor ) | 0.00 | |
| | | (Secured against Coop. Papers) | | |
| | | Of which secured against | | |
| | | I. Govt. & Other approved securities | | |
| | | ii. Other Tangible securities | 6,249,550.00 | |
| | | From the State Govt. | | |
| | | a. S.T. Loans Cash Credit & Overdraft | | |
| | | Of which secured against | | |
| | | I. Govt. & Other approved securities | | |
| | | ii. Other Tangible securities | | |
| | | b. M.T. Loans | | |
| | | Of which secured against | | |
| | | I. Govt. & Other approved securities | | |
| | | ii. Other Tangible securities | | |
| | | c. L.T. Loans ( Secured against Coop. Paper ) | | |

| AMOUNT AS ON 31.03.2016 | Sr. No. | PROPERTY AND ASSETS | AMOUNT | AMOUNT AS ON 31.03.2017 |
|---|---|---|---|---|
| | | ii. Medium Term Conversion & Rephasement 1,69,05,50,111.21 | | |
| | | Of which secured against | | |
| | | a. Govt. & Other approved securities | | |
| | | b. Other Tangible securities | | |
| | | iii. Medium Term Non Agril. Loans 2,91,17,842.75 | 164,875,863.95 | |
| | | Of the advance amt. due from Individual 13,57,58,021.20 | | |
| | | Of the advance amt. Overdue | | |
| | | Considered bad & doubtful recovery | | |
| | | 1. Bad Principal ) | | |
| | | 2. Doubtful Principal ) | | |
| 365,653,258.22 | III | L.T. Loans | | 361,547,020.69 |
| | | Secured against Coop. Paper | 287,646,493.80 | |
| | | ( Godown, Tractor ) 28,76,46,493.80 | | |
| | | Of which secured against | | |
| | | a. Govt. & Other approved securities | 73,900,526.89 | |
| | | b. Other Tangible securities to soci. 7,39,00,526.89 | | |
| | | Of the advance amt. due from Individual | | |
| | | a. Govt. & Other approved securities | | |
| | | 1. Bad Principal ) | | |
| | | 2. Doubtful Principal ) | | |
| 49,923,969.54 | IV | Loan on liquidation socy. | | 49,923,969.54 |
| 279,906,719.37 | 7 | INTEREST RECEIVABLE | | 286,360,768.84 |
| | | I. On Loans | 221,784,920.21 | |
| | | ii. On Investment | 35,573,056.63 | |
| | | iv. Debt Relief amount receivable | 29,002,792.00 | |
| | | from State & Central Govt. | | |
| | | iii.Of which overdue | | |
| | | iv. Considered bad & doubtful of recovery | | |
| | | 1. Bad Principal ) | | |
| | | 2. Doubtful Principal ) | | |
| | 8 | BILLS RECEIVABLE FOR COLLECTION ( As per contra ) | | |
| | 9 | BRANCH ADJUSTMENT | | |
| 4,116,500.00 | 10 | PREMISES LESS DEPRICIATION 41,16,500.00 | | 3,704,700.00 |
| | | (+) 0.00 | | |
| | | Total 41,16,500.00 | | |
| | | Less Depriciation (-) 4,11,800.00 | | |
| | | 3,704,700.00 | | |
| 10,541,690.00 | 11 | FURNITURE & FIXTURE LESS DEPRICIATION | | 11,595,900.00 |
| | | 10,541,690.00 | | |
| | | Furniture & Fixture Purchase (+)23,20,851.00 | | |
| | | Total 1,28,62,541.00 | | |
| | | Less Depreciation (-) 12,66,641.00 | | |
| | | 11,595,900.00 | | |
| 781,600.00 | | Computer 7,81,600.000 | | 390,800.00 |
| | | (+)0.00 | | |
| | | 781,600.00 | | |
| | | Less Depreciation (-) 3,90,800.00 | | |
| | | 390,800.00 | | |

| AMOUNT AS ON 31.03.2016 | Sr. No. | CAPITAL AND LIABILITIES | AMOUNT | AMOUNT AS ON 31.03.2017 |
|---|---|---|---|---|
| | | Of which secured against | | |
| | | I. Govt. & Other approved securities | | |
| | | ii. Other Tangible securities | | |
| | 6 | BILLS FOR COLLECTION BEING RECEIVABLE | | |
| 14,843,423.86 | 7 | BRANCH ADJUSTMENT | | 81,981,785.77 |
| | 8 | OVERDUE INTEREST RESERVE | | |
| 174,326,763.95 | 9 | INTEREST PAYABLE (DEPOSIT) | | 175,900,247.62 |
| 64,043,350.02 | 10 | OTHER LIABILITIES | | 89,769,388.40 |
| | | I. Suspense | | |
| | | a. Individual | 11,587,869.81 | |
| | | b. Other Socs. | 4,470,908.60 | |
| | | c. Unclaim D.D. | 5,139,138.15 | |
| | | d. Migration Suspense | 9,015,775.68 | |
| | | c. Other Liabilities | 265,594.52 | |
| | | I. Elect.Bill payble - 20000.00+ Fraud secu. 36172.00 + | | |
| | | Tele.Bill payble 27000.00 +Service Tax Other Payable 182422.52 | | |
| | | II. Sundries | | |
| | | a. Union Contribution | 0 | |
| | | b. Audit Fee due | 1,701,197.00 | |
| | | c. Cadre Fund | 681,515.48 | |
| | | d. Fertilizer Sale Coll. A/c. | 395.32 | |
| | | e.Beej protsahan rashi | 1,167,660.00 | |
| | | f.vaidhyanathan {state &central Govt | 68,788.00 | |
| | | g.Income Tax Payble | | |
| | | h. Sundries | 53,104.00 | |
| | | I . Sundry dep TDS System Credits | 5,428,692.00 | |
| | 11 | Subsidy | 35,128,519.65 | |
| | 12 | Interest Not Collected | 14,970,475.85 | |
| 0.00 | 13 | OTHER LIABILITIES | 89,754.34 | |
| 156,323,338.53 | 14 | PROFIT | | 150,184,057.48 |
| 13,436,737,944.60 | | TOTAL | | 15,444,373,416.96 |

| AMOUNT AS ON 31.03.2016 | Sr. No. | PROPERTY AND ASSETS | | AMOUNT | AMOUNT AS ON 31.03.2017 |
|---|---|---|---|---|---|
| 2,740,262.00 | | I.Jeep car | 27,40,262.00 | | 2,072,810.00 |
| | | | ( + 0.00 | | |
| | | | 2,740,262.00 | | |
| | | | ( - 6,67,452.00 | | |
| | | | 2,072,810.00 | | |
| | | Computer FLC | 0.00 | | 459,150.00 |
| | | | (+ )6,88,760.00 | | |
| | | | 688,760.00 | | |
| | | | ( - ) 2,29,610.00 | | |
| | | | 459,150.00 | | |
| | | Furniture & Fixture FLC | 0.00 | | 97,670.00 |
| | | | (+ ) 1,08,520.00 | | |
| | | | 108,520.00 | | |
| | | | ( - ) 10,850.00 | | |
| | | | 97,670.00 | | |
| | | Furniture PREMISES Land | | | 118,300,000.00 |
| 1,837,179.95 | | Stationery Stock | | | 1,947,567.95 |
| 40,782,083.77 | 12 | OTHER ASSETS | | | 32,378,255.26 |
| | | ii. Cadre Fund Contri. & Cadre officer pay receivable from Apex Bank | | 7,353,590.18 | |
| | | iii. Inquiry Account | | 252,874.00 | |
| | 13 | Sundry Debtor | | 0.00 | |
| | 14 | NEFT INWARD MESSAGES SUSP ACCT | | 6,007,338.61 | |
| | | v. Other Assets | | 18,764,452.47 | |
| | | Receivable from court (gratuity)-2057252.60 +Receiv.fromD.R.C.S 19945.93 | | | |
| | | M.P.E.B.&Telephone securi.125275.15+Dividnt Receiva.from APEX | | | |
| | | Loan & Aid From ICDP 4448580.79+Reciv. TDS 63303.00+SAL UN 4740.00+ From Central Govt ARDR 24408.00+Advance paid primi.430947.00 | | | |
| | | Advance income tax11500000.00+ Recbl form nabard FLC 90000.00 | | | |
| | 15 | NON BANKING ASSETS ACCOUNT IN SETALMENT OF THE CLAIMS | | | |
| | 16 | PROFIT AND LOSS | | | |
| 13,436,737,944.60 | | | | | 15,444,373,416.96 |

गणितीय जांच की
हस्ता/-
(A.O.)

Sd/-
**SHIVPRASAD PANWAR**
CHIEF ACCOUNTANT(Incharge)

Sd/-
**A.K.JAIN**
CHIEF EXECUTIVE OFFICER

Sd/-
**PURSHOTTAM SHARMA**
DIRECTOR

Sd/-
**UTTAM PATEL**
VICE CHAIRMAN

Sd/-
**MANOJ TARWALA**
VICE CHAIRMAN
JILA SAHAKARI KENDRIYA BANK MARYADIT,
KHANDWA (M.P.)

**DATE- 05 Aug. 2017**
**PLACE- KHANDWA**

As per report of even date attached
For PANKAJ SOMAIYA & ASSOCIATES LLP
Chartered Accountants
F.R.N.No.010081C/C400001
**Sd/-**
**CA PANKAJ SOMAIYA**
Partner
**M.No. 079918**

अग्रेषित
हस्ता/-
उप आयुक्त
सहकारिता, जिला खण्डवा, म.प्र.

निर्गमित हस्ता/-
संयुक्त रजिस्ट्रार
सहकारी सोसाइटियाँ, इंदौर

## PROFIT & LOSS ACCOUNT FOR THE YEAR 2016 - 2017

| AMOUNT AS ON 31.03.2016 | Sr. No. | EXPENDITURE | AMOUNT AS ON 31.03.2017 | AMOUNT AS ON 31.03.2016 | Sr. No. | INCOME | AMOUNT AS ON 31.03.2017 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 349,616,991.83 | 1 | Intt. On Deposit | 404,016,725.24 | | 1 | Interest | |
| 380,908,433.67 | 2 | Intt. On borrowing etc. | 462,000,253.00 | 822,203,347.80 | | I. On loan | 948,833,694.93 |
| 690,100.00 | 3 | Intt. On Investment | 723,950.00 | 139,941,988.59 | | ii On Deposit | 158,422,028.49 |
| 159,450,647.22 | 4 | Salaries, Allownces & P.F. | 177,062,534.49 | 9,578,624.93 | | iii On Investment(Dividend) | 13,357,002.73 |
| 64,245.00 | 3 | Director & Local Committee Member Fee & All Allowances | 46,710.00 | 506,702.98 | 2 | Commission Exchange | 1,381,876.28 |
| 12,489,352.68 | 4 | Rent, Tax, Insurance, Lighting etc. | 30,179,059.35 | 156,208.00 | 3 | Locker Rent | 345,069.00 |
| | | House Rent 16,15,850.38 | | 14,370.00 | 4 | Entry Fees | 17,020.00 |
| | | Insurance 72,19,233.00 | | 2,026,368.40 | 5 | Incidental Charges | 3,747,348.85 |
| | | Lighting Charge 24,37,890.10 | | 3,540,000.00 | 6 | Excess Prov of STD Assets | 0.00 |
| | | Tax paid 1,89,06,085.87 | | 87,200.00 | 7 | Profit In Sell Of Asetes | 0.00 |
| | | Property43690.00+ | | 5,275,190.00 | 8 | Income Tax Refund Received | 2,004,743.00 |
| | | In.Tax 18010720.00+ServiceTax | | 1,142,022.06 | 9 | Service Charge | 1,618,468.50 |
| | | 851,675.87 | | 247,364.00 | 10 | Other Income | 143,939.54 |
| 76,300.00 | 5 | Law Charges | 95,230.00 | | 11 | Income Tax Refund int Received | 143,583.00 |
| 65,630.64 | 6 | Postage Charges | 0.00 | | 12 | Postage Charges recv | 66,267.20 |
| 319,669.99 | 7 | Telephone Charges | 343,460.74 | | | | |
| 1,410,640.00 | 8 | Auditors fees Provision | 2,263,250.00 | | | | |
| 6,000.00 | 9 | Repair of Property | 272,528.00 | | | | |
| 1,700,082.60 | 10 | Stationery, Printing | 1,775,365.83 | | | | |
| 166,558.00 | 11 | Advertisement | 135,050.00 | | | | |
| 6,746,572.00 | 12 | Employee Cader Fund Contribution | 7,531,872.00 | | | | |
| 1,435.40 | 13 | Union Contribution | 18,572.50 | | | | |
| 1,479,068.55 | 15 | Contingents Expenses | 1,953,335.72 | | | | |
| 1,704,729.25 | 16 | Motar Expences | 2,608,034.87 | | | | |
| 7,570,322.92 | 17 | Computer Maintainance | 7,688,816.95 | | | | |
| 1,087.39 | 18 | Bank Commission Paid | 1,584.88 | | | | |
| 254,975.00 | 19 | Business Promotion Expenses | 370,690.00 | | | | |
| 105,000.00 | 20 | Loos on Investment | 424,645.00 | | | | |
| 110,500.00 | 22 | Training Exp | 0.00 | | | | |
| | 23 | SMS Alert Exp | 88,607.00 | | | | |
| 301,000.00 | 24 | Loos in Sell of Asetes | 131,600.00 | | | | |
| 6,015,900.00 | 25 | Depreciation | 2,672,553.00 | | | | |
| | | PROVISION :- | | | | | |
| 1,247,000.00 | 26 | A. N.P.A. Principal | 0.00 | | | | |
| 893,000.00 | 27 | B.N.P.A. Interest | 0.00 | | | | |
| 0.00 | 28 | C. Against standard assets | 0.00 | | | | |
| 175,742.00 | 29 | D. Amanat Guarantee Fund | 121,294.00 | | | | |
| 933,570,984.14 | | TOTAL | 1,102,525,722.57 | | | | |
| 51,148,402.62 | 30 | Balance of Profit | 27,555,318.95 | | | | |
| **984,719,386.76** | | **GRAND TOTAL** | **1,130,081,041.52** | **984,719,386.76** | | **TOTAL** | **1,130,081,041.52** |

**Sd/-**
**SHIVPRASAD PANWAR**
CHIEF ACCOUNTANT(Incharge)

**Sd/-**
**A.K.JAIN**
CHIEF EXECUTIVE OFFICER

**Sd/-**
**PURSHOTTAM SHARMA**
DIRECTOR

**Sd/-**
**UTTAM PATEL**
VICE CHAIRMAN

**Sd/-**
**MANOJ TARWALA**
VICE CHAIRMAN
JILA SAHAKARI KENDRIYA BANK MARYADIT,
KHANDWA (M.P.)

**DATE- 05 Aug. 2017**
**PLACE- KHANDWA**

As per report of even date attached
For PANKAJ SOMAIYA & ASSOCIATES LLP
Chartered Accountants
F.R.N.No.010081C/C400001
**Sd/-**
**CA PANKAJ SOMAIYA**
Partner
**M.No. 079918**

## स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

प्रति,
सदस्यगण,
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित,
खण्डवा

### वित्तीय विवरणो पर प्रतिवेदन

